18/05/2025

आकाशवाणी ईटानगर

बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने आज कहा कि समुद्री क्षेत्र में महिलाओं को सशक्त बनाना केवल समानता का विषय नहीं है, बल्कि इस क्षेत्र में नवाचार और विकास को बढ़ावा देने के लिए एक कार्यनीतिक अनिवार्यता है। वे आज मुंबई में **समुद्री क्षेत्र में महिलाओं के लिए अंतर्राष्ट्रीय दिवस समारोह** के उद्घाटन के अवसर पर बोल रहे थे। कार्यक्रम का उद्देश्य समुद्री क्षेत्र में चुनौतियों का समाधान करना और समुद्री क्षेत्र के सभी क्षेत्रों में महिलाओं की भागीदारी बढाना था।

0000000000000000000

हैदराबाद में ऐतिहासिक चारमीनार के पास गुलजार हाउस इलाके में आज सुबह भूतल और दो मंजिला इमारत में आग लगने से आठ बच्चों और छह महिलाओं सहित सत्रह लोगों की मौत हो गई। केंद्रीय कोयला खान मंत्री जी किशन रेड्डी ने घटनास्थल का दौरा किया और पीड़ित परिवारों को हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तेलंगाना के हैदराबाद में गुलजार हाउस में आग लगने की घटना में सत्रह लोगों की मौत पर दुख व्यक्त किया है। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में श्री मोदी ने प्रत्येक मृतक के परिवार को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की जबकि घायलों को पचास-पचास हजार रुपये दिए जाएंगे।

0000000000000000000

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि नरेन्द्र मोदी सरकार ने विभिन्न कार्यक्रमों के जरिए पिछले दस वर्षों में स्वास्थ्य क्षेत्र में

अभूतपूर्व परिवर्तन किए हैं। गुजरात के मेहसाणा जिले के गोजारिया में के.के. पटेल और मधुबेन के. पटेल नर्सिंग कॉलेज के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन करते हुए श्री शाह ने कहा कि नर्सिंग कॉलेज में बढी हुई सुविधाओं का लाभ निकटवर्ती गांवों के गरीब लोगों को पहुंचेगा। उन्होंने कहा कि देश के साठ करोड नागरिक आयुष्मान भारत योजना का लाभ उठा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछले दस वर्षों में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थानों की संख्या सात से बढकर तेइस हो गई है।

0000000000000000000

भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण - ए.एस.आई ने घोषणा की है कि अंतर्राष्ट्रीय संग्रहालय दिवस के उपलक्ष्य में आज देश भर में ए.एस.आई के सभी स्मारकों और संग्रहालयों में प्रवेश निःशुल्क रहेगा। इससे पहले, केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय ने पुष्टि की थी कि ए.एस.आई अपने बावन साइट संग्रहालयों और सभी टिकट वाले स्मारकों को जनता के लिए बिना किसी शुल्क के खोलेगा, जिसका उद्देश्य व्यापक सार्वजनिक भागीदारी को प्रोत्साहित करना है।

000000000000000000

उपमुख्यमंत्री चाउना मेन ने छात्रों से पीएम विद्या लक्ष्मी पोर्टल का लाभ उठाने का आग्रह किया है, जो छात्रों को आसानी और पारदर्शिता के साथ शिक्षा ऋण प्राप्त करने में मदद करने के लिए एक समर्पित मंच है। श्री मेन ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि किसी भी छात्र को वित्तीय बाधाओं के कारण अपने सपनों को प्राप्त करने से पीछे नहीं हटना चाहिए। उन्होंने छात्रों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने और एक उज्जवल भविष्य बनाने के लिए आवश्यक वित्तीय सहायता सुरक्षित करने की सलाह दी।

0000000000000000

ईटानगर के मौसम विज्ञान केंद्र ने आज पूर्वानुमान लगाया है कि सत्रह जिले येलो अलर्ट जोन में हैं। इन जिलों में गरज के साथ बारिश होगी और कुछ स्थानों पर भारी बारिश की संभावना है। इस बीच, लोअर सियांग, अपर सुबनसिरी, शि योमी, कुरुंग कुमे, क्रा दादी, कामले, चांगलांग और लोहित जिलों में बारिश की कोई चेतावनी नहीं है।

0000000000000000000000

भारत के राष्ट्रीय कैडेट कोर एन.सी.सी की माउंट एवरेस्ट अभियान टीम ने आज नेपाल में माउंट एवरेस्ट की चोटी पर चढ़ाई की है। मुख्यमंत्री पेमा खाण्डू ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए टीम एन.सी.सी के सभी सदस्यों को माउंट एवरेस्ट पर सफलतापूर्वक चढ़ने की ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए बधाई दी है। उन्होंने कहा कि यह अविश्वसनीय उपलब्धि टीम के साहस, दृढ़ संकल्प और अटूट भावना का प्रमाण है।

000000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश के हिमालयन सुरक्षा मंच ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए भारतीय सशस्त्र बलों की सराहना की। आज एक प्रेस बयान में, मंच ने अरुणाचल प्रदेश में छब्बीस स्थानों का नाम बदलने के चीन के प्रयास की भी निंदा की, ताकि ऐसे दावे किए जा सकें जिनकी कोई वैधता नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री पेमा खाण्डू के दूरदर्शी नेतृत्व में राज्य उल्लेखनीय सर्वांगीण विकास देख रहा है। राज्य में स्थानों के चीन द्वारा अनुचित नाम बदलने के खिलाफ उनका दृढ़ रुख राज्य की गरिमा और पहचान की रक्षा के लिए उनकी गहरी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

0000000000000000000000000

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान-आईआईटी दिल्ली ने आज हाई स्कूल की लडकियों के लिए विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित का करियर अपनाने की प्रेरणा देने के उद्देश्य से विशेष मेंटरशिप कार्यक्रम मनस्वी आयोजित किया। इसका उद्देश्य इन विषयों में करियर अपनाने की दृष्टि से छात्राओं की संख्या बढ़ाने का प्रयास करना है। मनस्वी के अंतर्गत इन छात्राओं के विचारों को मंच प्रदान किया जा सकेगा जिससे उनका मनोबल भी बढ़ेगा।

0000000000000000000000000

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष आई.एम.एफ ने अपने सहायता कार्यक्रम की अगली किस्त जारी करने के लिए पाकिस्तान पर ग्यारह नई शर्तें लगाई हैं और चेतावनी दी है कि भारत के साथ तनाव योजना के राजकोषीय, बाहरी और सुधार लक्ष्यों के लिए जोखिम बढ़ा सकता है। एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, आईएमएफ ने पाकिस्तान पर ग्यारह और शर्तें लगाई हैं, जिससे कुल शर्तें पचास हो गई हैं।

पाकिस्तान पर लगाई गई नई शर्तों में सत्रह ट्रिलियन और साठ बिलियन रुपये के नए बजट को संसद की मंजूरी, बिजली बिलों पर ऋण सेवा अधिभार में वृद्धि और तीन साल से अधिक पुरानी कारों के आयात पर प्रतिबंध हटाना शामिल है।

000000000000000000